# अखिल भारतीय हिंदी संगोष्ठी

## भारत 2047 : समावेशी कृषि विकास के लिए स्मार्ट प्रौद्योगिकियाँ

**15 सितम्बर 2026**

ICAR



**भा.कृ.अनु.प. - केन्द्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान, भोपाल-462038**

**https://ciae.res.in**

## पंजीकरण

अखिल भारतीय हिंदी संगोष्ठी में सहभागिता के लिए एवं शोध सारांश भेजने के लिए कृपया नीचे दिए गए ई-मेल आईडी पर संपर्क करे।

ई-मेल आईडी

ciae.hindiadhiveshan@gmail.com

## महत्वपूर्ण तिथियां

| | | |
|---|---|---|
| **सारांश प्राप्त होने की अंतिम तिथि** | : | **12 सितम्बर 2026** |
| **प्रस्तुतीकरण के लिए सहमति** | : | **14 सितम्बर 2026** |
| **पूर्ण शोध पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि** | : | **15 सितम्बर 2026** |

राष्ट्रीय अधिवेशन से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए ऊपर दिए गए ई-मेल आईडी पर संपर्क करे।




## संस्थान के बारे में

भा. कृ. अनु. प. - केंद्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान (सी. आई. ए. ई.) का उद्देश्य यांत्रिक शक्ति स्रोतों का उपयोग करके उत्पादन और उत्पादनोपरांत कृषि के आधुनिकीकरण के लिए उपयुक्त मशीनरी और प्रक्रियाओं का विकास करना तथा ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार सृजित करना है। संस्थान कृषि मशीनीकरण, फसल कटाई के बाद खाद्य प्रसंस्करण एवं मूल्यवर्धन, सिंचाई एवं जल निकासी इंजीनियरिंग और कृषि में ऊर्जा प्रबंधन पर अनुसंधान करने के लिए कटिबद्ध है। संस्थान में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और इंटरनेट ऑफ थिंग्स के क्षेत्र में भी विभिन्न शोध परियोजनाओं पर कार्य प्रगति पर है।

## संगोष्ठी का उद्देश्य

कृषि में योगदान पर ऑनलाइन माध्यम द्वारा राष्ट्रीय संगोष्ठी का प्रमुख उद्देश्य अकादमिक, वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और शोध विद्वानों के बीच नवाचारों पर ज्ञान, विशेषज्ञता और संसाधनों को साझा करना है। साथ ही, कृषि प्रौद्योगिकी और कृषि के सभी पहलुओं पर अपने अनुभवों और शोध का आदान-प्रदान करने के लिए एक स्थान पर एकत्रित करना है। अभियांत्रिकी एवं अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के प्रयोजनों के साथ-साथ व्यावहारिक चुनौतियों का सामना करने और कृषि के क्षेत्र में अपनाए गए कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर आधारित समाधानों को प्रस्तुत करने और चर्चा करने के लिए एक प्रमुख अंतः विषय मंच प्रदान करेगा। यह अधिवेशन छात्रों, शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और उद्योगों के लिए एक नई दिशा प्रदान करेगा।

## शोध पत्र प्रस्तुति हेतु अनुदेश

- प्रतिभागी राष्ट्रीय संगोष्ठी में अपने शोध कार्यों की प्रस्तुति हेतु किये गए अनुसंधान कार्य मौखिक श्रेणी के लिए भेज सकते है।
- सारांश तथा पूर्ण शोध पत्र अंतिम तिथि के अंदर भेजें। सारांश और शोध पत्र के लिए अधिमानतः फ़ॉन्ट मंगल / एरिअल / गूगल इनपुट (यूनिकोड) का प्रयोग करें, शीर्षक - 14 फ़ॉन्ट और मुख्य भाग - 12 फ़ॉन्ट का प्रयोग करे। मौखिक प्रस्तुति के लिए अधिकतम 6 स्लाइड की अनुमति रहेगी। उचित होगा कि किसी भी अवांछित स्थिति से बचने के लिए पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन को पीडीएफ फाइल में बदल कर प्रस्तुति से पहले ही प्रेषित कर दें। पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन को संगोष्ठी की टीम द्वारा उचित समय पर दर्शाया जा सकेगा।
- संगोष्ठी में प्रस्तुत शोध-पत्रों का प्रकाशन इस संगोष्ठी हेतु अनुमोदित आईएसएसएन (ISSN) युक्त पुस्तक में पुस्तक-अध्याय (Book Chapter) के रूप में किया जाएगा।
- शोध पत्र कृषि समीक्षक एवं निर्णायक मंडल के समक्ष प्रस्तुत किये जायेंगे। जिनकी अनुशंसा पर कुछ प्रतिभागियों को संगोष्ठी में सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति के लिए सम्मानित किया जाएगा। प्रत्येक प्रतिभागी को ई-प्रमाण पत्र दिया जाएगा। (उपस्थिति के आधार पर)

## संगोष्ठी का प्रारूप

संगोष्ठी में निम्नलिखित चार विषयों पर शोध पत्र प्रस्तुत किये जा सकते हैं-

1) **सतत कृषि हेतु स्मार्ट प्रौद्योगिकियाँ**
(कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेंसर, रोबोटिक्स एवं स्मार्ट प्रणालियों द्वारा सतत कृषि)
2) **कृषि यंत्रीकरण एवं ऊर्जा**
(आधुनिक कृषि यंत्र, जल संरक्षण प्रौद्योगिकियाँ, नवीकरणीय ऊर्जा एवं ऊर्जा-कुशल कृषि समाधान)
3) **डिजिटल कृषि**
(डिजिटल तकनीकों, डेटा विश्लेषण एवं सटीक कृषि आधारित नवाचार)
4) **खाद्य प्रसंस्करण एवं फसलोपरांत प्रौद्योगिकियाँ**
(खाद्य गुणवत्ता, मूल्य संवर्धन, भंडारण एवं फसलोपरांत प्रबंधन तकनीकें)

## लक्षित प्रतिभागी

कृषि वैज्ञानिक, शिक्षक, कृषि प्रचार-प्रसार अधिकारी, कृषि यंत्र निर्माता, स्नातक / स्नातकोत्तर विद्यार्थी, किसान आदि इस संगोष्ठी में सम्मिलित हो सकते है।

### संगोष्ठी की विशेषताएं

- सर्वश्रेष्ठ मौखिक प्रस्तुति पुरस्कार
- संगोष्ठी में प्रस्तुत शोध पत्र एक किताब के रूप में प्रकाशित किए जाएंगे।
- ऑनलाइन संगोष्ठी का कार्यक्रम, कार्यक्रम का लिंक, उपयोगकर्ता नाम, पासवर्ड आदि आप के व्हाट्सअप नंबर / सृजित व्हाट्सअप ग्रुप तथा ई मेल पर भेजा जायेगा।

## आयोजन समिति

**संरक्षक**

**डॉ. सी. आर. मेहता**
निदेशक, सी आई ए ई, भोपाल

**अध्यक्ष**

**डॉ. एस. पी. सिंह**, सी आई ए ई, भोपाल

**उपाध्यक्ष**

**डॉ. मनोज कु. त्रिपाठी**

**संयोजक**

**श्री राकेश कुमार**

**आयोजन सदस्य**

**डॉ. मुकेश कुमार**
**डॉ. सत्य प्रकाश कुमार**
**डॉ. दिलीप पवार**
**डॉ. समलेश कुमारी**

**सदस्य सचिव**

**डॉ. बिक्रम ज्योति**
सी आई ए ई,
नबी बाग, बैरसिया रोड, भोपाल;
मध्य प्रदेश 462038

**ईमेल आईडी:**
ciae.hindiadhiveshan@gmail.com

दूरभाष - **0755-2521081**